# तथ्य पत्रक

**ब्राउनफ़ील्ड सफाई कार्यक्रम**

**जनवरी 2021**

**90-02 168वीं स्ट्रीट साइट**

**90-02 168वीं स्ट्रीट**
**जमैका, NY 11432**

**साइट नं. C241243**
**NYSDEC रीज़न 2**

## ब्राउनफ़ील्ड साइट के लिए प्रारूप अन्वेषण कार्य योजना सार्वजनिक टिप्पणी के लिए उपलब्ध है

जनता को 90-02 168 वीं स्ट्रीट, जमैका, न्यू यॉर्क में स्थित 90-02 168 वीं स्ट्रीट साइट ("साइट") की जांच के लिए न्यूयॉर्क राज्य पर्यावरण संरक्षण विभाग (NYSDEC) द्वारा द्वारा समीक्षा की जा रही एक प्रारूप कार्य योजना पर टिप्पणी करने के लिए आमंत्रित किया जाता है। कृपया साइट के स्थान के लिए मानचित्र देखें।

**प्रारूप अन्वेषण कार्य योजना:** न्यू यॉर्क के ब्राउनफ़ील्ड सफाई कार्यक्रम के अंतर्गत एक "उपचारात्मक अन्वेषण कार्य योजना," (RIWP) नामक प्रारूप अन्वेषण कार्य योजना NYSDEC को प्रस्तुत की गई थी। अन्वेषण NYSDEC और न्यू यॉर्क राज्य स्वास्थ्य विभाग (NYSDOH) की निगरानी में 90Ninety LLC ("आवेदक(कों)") द्वारा किया जाएगा।

**टिप्पणी कैसे करें:** NYSDEC **January 14 through February 14, 2021** 30 दिन तक प्रारूप RIWP के बारे में लिखित टिप्पणियां स्वीकार कर रहा है।

- DECinfo लोकेटर: https://www.dec.ny.gov/data/DecDocs/C241243/ के माध्यम से RIWP और अन्य परियोजना दस्तावेजों को ऑनलाइन एक्सेस करें।
- दस्तावेज बाएं "जानकारी कहां पाएं" के अंतर्गत वर्णित स्थान(नों) पर भी उपलब्ध हैं।
- कृपया बाएं "किससे संपर्क करें" क्षेत्र में परियोजना-संबंधित प्रश्नों के अधीन सूचीबद्ध NYSDEC परियोजना प्रबंधक को टिप्पणियां प्रस्तुत करें।

**प्रस्तावित साइट अन्वेषण की मुख्य बातें:** अन्वेषण मिट्टी, सतही जल, भूजल और प्रभावित हो सकने वाले पर्यावरण के किसी अन्य भाग में संदूषण की प्रकृति और सीमा निर्धारित करेगा।

पिछले अन्वेषणों में मिट्टी में साइट-पर अर्ध-वाष्पशील कार्बनिक यौगिकों (एसवीओसी), धातुओं और कीटनाशकों का पता चला है। साइट पर भूजल में भी एसवीओसी और धातु पाई गई थी। साइट पर मिट्टी की वाष्प में वाष्पशील कार्बनिक यौगिकों (वीओसी) का पता लगाया गया था। अन्वेषण कार्य के मुख्य घटकों में शामिल हैं:

- संदूषण के साइट-पर संभावित स्रोतों की पहचान करने के लिए मिट्टी की बोरिंग की ड्रिलिंग और नमूनाकरण;
- मिट्टी की वाष्प के नमूनों का एकत्रीकरण; और

**जानकारी कहां पाएं**

परियोजना दस्तावेजों को DECinfo लोकेटर
https://www.dec.ny.gov/data/DecDocs/C241243/
के माध्यम से और इन स्थानों पर एक्सेस करें:

**क्वीन्स पब्लिक लाइब्रेरी – सेंट्रल**
89-11 मेरिक बुलेवार्ड
जमैका, NY 11432
(718) 990-0700

**क्वीन्स कम्यूनिटी बोर्ड 12**
90-28 161वीं स्ट्रीट
जमैका, NY 11432
(718) 658-3308

*(*डेटा संग्रहण स्थान कोविड-19 की सावधानियों के कारण अस्थाई रूप से उपलब्ध नहीं हैं। यदि आप ऑनलाइन डेटा संग्रहण स्थान एक्सेस नहीं कर पाते हैं, तो कृपया सहायता के लिए नीचे दिए गए NYSDEC परियोजना प्रबंधक से संपर्क करें।)*

**किस से संपर्क करें**

टिप्पणियों और प्रश्नों का स्वागत है और इन्हें इनको भेजा जाना चाहिए:

**परियोजना-संबंधित प्रश्न**
क्रिस्टोफ़र एलन, परियोजना प्रबंधक
NYSDEC
47-40 21वीं स्ट्रीट,
लोंग आइलैंड सिटी, NY
(718) 482-4065
christopher.allan@dec.ny.gov

**परियोजना-संबंधित स्वास्थ्य प्रश्न**
एंथनी पेरेटा
NYSDOH
कॉर्निंग टॉवर रूम 1787
अल्बानी, NY 12237
(518) 486-7186
beei@health.ny.gov

**न्यू यॉर्क के ब्राउनफ़ील्ड सफाई कार्यक्रम के बारे में अधिक जानकारी के लिए, यहां जाएं:**
www.dec.ny.gov/chemical/8450.html

# ब्राउनफ़ील्ड सफाई कार्यक्रम

- साइट पर चिंता के क्षेत्रों से प्रभावों की जांच और निगरानी के लिए भूजल कुओं का संस्थापन और नमूनाकरण करना शामिल है।

**अगले कदम:** NYSDEC सार्वजनिक टिप्पणियों पर विचार करेगा, जरूरत के अनुसार योजना को संशोधित करेगा, और कार्य योजना को अनुमोदित करेगा। NYSDOH को योजना से सहमत होना होगा। कार्य योजना के अनुमोदन के बाद कार्य योजना में वर्णित गतिविधियों को लागू किया जाएगा।

अन्वेषण पूरा होने पर, एक रिपोर्ट तैयार की जाएगी और NYSDEC को प्रस्तुत की जाएगी जिसमें परिणामों का सारांश होगा। NYSDEC रिपोर्ट की समीक्षा करेगा, कोई आवश्यक संशोधन करेगा और, उपयुक्त होने पर, रिपोर्ट का अनुमोदन करेगा।

अन्वेषण के बाद, “प्रारूप उपचारात्मक कार्य योजना” नामक एक प्रस्तावित सफाई योजना विकसित की जाएगी। सफाई योजना में प्रस्तावित साइट उपचार का एक मूल्यांकन शामिल होगा या कोई कार्रवाई नहीं या आगे किसी कार्रवाई का विकल्प नहीं की सिफारिश की जाएगी। सफाई योजना का लक्ष्य सार्वजनिक स्वास्थ्य और पर्यावरण का संरक्षण है। NYSDEC प्रस्तावित सफाई योजना को 45-दिन की एक टिप्पण‍ी अवधि के दौरान समीक्षा और टिप्पणी के लिए जनता के सामने रखेगा।

NYSDEC पूरे अन्वेषण और साइट की सफाई के दौरान जनता को सूचित रखेगा।

**साइट का वर्णन:** साइट में लगभग 2.28-एकड़ संपत्ति शामिल है और जमैका में 90-02 168वीं स्ट्रीट पर स्थित है। संपत्ति के उत्तर में 90वीं एवेन्यू, पूर्व में 168वीं स्ट्रीट, पश्चिम में एक चर्च कॉम्प्लेक्स, एक धार्मिक बुकस्टोर, और रिहायशी भवन हैं, और दक्षिण में वाणिज्यिक रीटेल भवन हैं। रिकॉर्डों से संकेत मिलता है कि साइट को 1886 से पहले रिहायशी घरों और अस्तबलों से विकसित किया गया था। एक प्लंबिंग दुकान और पेंट भंडारण शेड सहित वाणिज्यिक संपत्तियां 1925 तक बनीं। संपत्ति के उत्तरी भाग में एक वाहन मरम्मत की दुकान और चर्च 1940 और 1950 के दशकों में मौजूद थे। 1963 तक सारे झांचे ध्वस्त कर दिए गए, और संपत्ति का उपयोग अब तक एक पार्किंग लॉट के रूप में होता था।

पर्यावरणीय और स्वास्थ्य आकलन सारांशों सहित अतिरिक्त साइट विवरण NYSDEC की पर्यावरणीय साइट उपचार डेटाबेस (साइट आईडी, C241243 दर्ज करके) यहां उपलब्ध है:

https://www.dec.ny.gov/cfmx/extapps/derexternal/index.cfm?pageid=3

**ब्राउनफ़ील्ड सफाई कार्यक्रम:** न्यू यॉर्क का ब्राउनफ़ील्ड सफाई कार्यक्रम (BCP) "ब्राउनफ़ील्ड" के रूप में जानी जाने वाली संदूषित संपत्तियों की स्वैच्छिक सफाई को प्रोत्साहित करता है ताकि उनका फिर से उपयोग और फिर से विकास हो सके। इन उपयोगों में मनोरंजन, आवासन, व्यापार या अन्य उपयोग शामिल हो सकते हैं। एक ब्राउनफ़ील्ड साइट वह कोई भी वास्तविक संपत्ति हो सकती है जहां मिट्टी सफाई उद्देश्यों या अन्य स्वास्थ्य-आधारित या पर्यावरणीय मानकों, मानदंड़ों या प्रयोज्य विनियमों के अनुसार, संपत्ति के उचित रूप से अनुमानित उपयोग के आधार पर लागू NYSDEC द्वारा अपनाए गए दिशानिर्देश से अधिक स्तर पर संदूषण उपस्थित है।

BCP के बारे में अधिक जानकारी के लिए, यहां जाएं:
https://www.dec.ny.gov/chemical/8450.html

***हम आपको इस तथ्य पत्रक को अपने पड़ोसियों और किराएदारों के साथ साझा करने और/या इस तथ्य पत्रक को दूसरों के देखने के लिए अपने भवन के प्रमुख क्षेत्र में चिपकाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।***

**DEC Delivers के साथ सूचित रहें।**
ईमेल से अपडेट प्राप्त करने के लिए साइन अप करें:
https://www.dec.ny.gov/chemical/61092.html

ध्यान दें: यदि आपने पहले ही साइन अप कर लिया है और इलेक्ट्रॉनिक रूप से यह तथ्य पत्रक प्राप्त कर लिया है, तो कृपया इस पर ध्यान न दें।

**DECinfo लोकेटर**
DEC दस्तावेजों और विशिष्ट साइटों की पर्यावरणीय गुणवत्ता के बारे में सार्वजनिक डेटा को एक्सेस करने के लिए संवादात्मक मानचित्र:
https://www.dec.ny.gov/pubs/109457.html

# ब्राउनफ़ील्ड सफाई कार्यक्रम

**साइट स्थान**

